शान से कहते हम तो दादी वाले है

शान से कहते हम तो दादी वाले है,
ये जीवन तो दादी तेरे हवाले है,

हम तो तेरे अंचल में माँ पलते है,
हर घडी माँ अब तू ही हमे संभाले है,
शान से कहते हम तो दादी वाले है,

छोड़ दी हमने फ़िक्र संसार की सभी,
सौंप दी माँ के हाथो में डोर जीवन की,
ममता की छाओ में माँ हमे पाले है
ये जीवन तो दादी तेरे हवाले है,

हम तो सब के सामने एलान करते है,
हम तो झुँझन वाली के चरणों में रहते है,
दादी के पथ पर हम चलने वाले है,
ये जीवन तो दादी तेरे हवाले है,

क्यों न हो विश्वाश हमको दादी पे भला,,
सोनू जो कुछ भी मिला दरबार से मिला,
भगतो की बात माँ कभी न टाले है,
ये जीवन तो दादी तेरे हवाले है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13357/title/shaan-se-kehate-hum-to-dadi-vale-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |